# लखनऊ में बनेंगे सोलर गांव

जासं • लखनऊ : राजधानी के गांव सोलर से जगमग होंगे। सभी घरों की छतों पर सोलर पैनल लगेंगे। यह संभव होने जा रहा है पीएम सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना के माध्यम से। लखनऊ में माडल सोलर गांव का चयन करने के लिए मुख्य विकास अधिकारी अजय जैन की अध्यक्षता में सोमवार को लोहिया सभागार बैठक हुई, जिसमें जिला पंचायत राज अधिकारी, ग्राम पंचायत सचिव एवं ग्राम प्रधान सम्मिलित हुए।

मुख्य विकास अधिकारी ने कहा कि चयनित ग्राम के सभी घरों में सोलर होमलाइट सिस्टम, सौर आधारित जल प्रणाली, कृषि के लिए सौर पंप एवं गांव की सड़कों एवं सार्वजनिक स्थलों पर सोलर स्ट्रीट लाइट लगेंगी। कहा कि ग्राम पंचायत सचिव की अध्यक्षता में ग्राम स्तरीय टास्क फोर्स स्थापित की जाए जो घर-घर जाकर ग्रामवासियों तथा ग्राम पंचायत सदस्यों को पीएम सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना एवं अन्य सौर योजनाओं के बारे में जागरूक करे। इन ग्रामों में सौर ऊर्जा के अतिरिक्त अन्य गैर पारंपरिक ऊर्जा संयंत्रों की स्थापना भी कराई जाए।

ग्राम पंचायत का दायित्व, सौर ऊर्जा संयत्रों के विक्रेताओं के नेटवर्क का लाभ उठाने एवं संभावित लाभार्थियों को बैंकों से जोड़ना भी होगा। माडल सोलर गांव चयन करने के लिए सभी ग्रामों में प्रदर्शनी लगाकर कार्यक्रम का व्यापक प्रचार-प्रसार किया जाए। माडल सोलर गांव के चयन के लिए नवीनतम प्रकाशित जनगणना के अनुसार राजस्व ग्राम की जनसंख्या 5000 से अधिक होनी चाहिए।